# एचकेआरएन से हुई अध्यापकों की भर्ती अधर में लटकी

## अब शिक्षा विभाग नए सिरे से भेजेगा रिक्त पदों का ब्यौरा

▶▶ अव्यवस्थाओं के चलते सरकार ने 2069 पदों पर हुई अध्यापकों की भर्तियों को वापस ले लिया है



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** सरकार की विभागीय भर्तियों की तरह अब कौशल रोजगार निगम के माध्यम से होने वाली भर्ती भी अधर में लटक गई है। अव्यवस्थाओं के चलते सरकार ने 2069 पदों पर हुई अध्यापकों की भर्तियों को वापस ले लिया है। अब नए सिरे से पदों को विज्ञापित किया जाएगा।

हरियाणा में होने वाली अध्यापकों की भर्तियां लंबे समय से विवादों में रहे हैं। सरकार ने नियमित भर्तियां करने की बजाए टीजीटी व पीजीटी अध्यापकों की नियुक्तियां हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से शुरू की हैं। पिछले साल 23 नवंबर को 2075 टीजीटी व पीजीटी अध्यापकों का चयन किया गया था। दो दिसंबर को इनमें से 2069 को ऑफर लैटर भेजे गए थे, लेकिन जब उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए स्कूल में भेजा गया तो वहां पद ही खाली नहीं थे।

जांच में पता चला कि जब कौशल रोजगार निगम में मांग भेजी और चयन किया गया, तब तक पद खाली थे। उसके बाद जब अभ्यर्थी स्कूलों में नौकरी ज्वाइन करने पहुंचे तो पद भरे हुए दिखा दिए गए। ऐसे में यह अभ्यर्थी ऑफर लैटर लिए घूमते रहे। लंबी जद्दोजहद के बाद अब इन पदों पर नए सिरे से भर्तियों की योजना बनाई गई है। इस संबंध में एचकेआरएन के सीईओ केएम पांडूरंग ने शुक्रवार को बताया कि अब शिक्षा विभाग दोबारा से खाली पदों का ब्यौरा निगम को देगा। इसके बाद पहले से शार्ट लिस्ट किए गए 2069 पदों से मेरिट के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। जिसके बारे में अभ्यर्थियों को जल्द सूचित किया जाएगा।



# हरियाणा के युवाओं के भविष्य से खेल रही सरकार: सुरजेवाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने प्रदेश में होने वाली शिक्षक भर्तियों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा है। शुक्रवार को सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी कर कौशल रोजगार निगम से नवंबर 2022 में हुई 2069 अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को खारिज हो गई है। सरकार अब चयनित बच्चों को नौकरी में ज्वाइनिंग नहीं देगी। सुरजेवाला ने कहा कि जब यह भर्ती प्रक्रिया एचकेआरएन के माध्यम से शुरू की गई जब धरातल की सही जानकारी क्यों नहीं ली गई। वर्ष 2019 में शुरू हुई पीजीटी-टीजीटी भर्ती का आज तक कुछ पता नहीं है। इन भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले 40 हजार से अधिक बच्चे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में फिर हुई टीजीट-पीजीटी भर्ती प्रक्रिया को जानबूझकर विवादों के घेरे में डाल दिया गया है और आज तक कोई फैसला नहीं लिया गया।

सुरजेवाला ने कहा कि बार-बार भर्तियों के नियम बदलकर बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार बेरोजगारों को मूर्ख बनाते हुए कह रही है कि भर्ती के लिए नया साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। उसके बाद स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव पैटर्न की जानकारी आएगी और उसके बाद भर्ती होगी। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्पष्ट करें कि इन गलतियों के कारण जो युवा ओवरएज हो चुके हैं, उनका क्या होगा।

# 'अभूतपूर्व विकास कार्य हैं केंद्र व प्रदेश सरकार की पहचान'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा है कि हिसार एयरपोर्ट के समीप से सडक मार्ग का निर्माण वन विभाग से स्वीकृति मिलने के उपरांत जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। हिसार की महाबीर कॉलोनी जलघर के लिए जलापूर्ति के नाले को कवर किया जा चुका है। अब इस नाले के ऊपर से चोड़ी सडक का निर्माण करवाया जाएगा, जो इस क्षेत्र को सीधा से सेक्टर-1-4 से जोड़ेगी। वे शुक्रवार को हिसार के लोक निर्माण विश्राम गृह में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति के नाले के समीप वन विभाग ने लोक निर्माण विभाग को भूमि दे दी है। इसके बदले लोक निर्माण विभाग ने दादरी में वन विभाग को बदले में भूमि दी है। इसलिए अब सेक्टर 1-4 तक सडक का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। इसी प्रकार से हवाई अड्डा के साथ सडक बनाकर तलवंडी को हिसार से जोड? के लिए भी वन विभाग की भूमि जल्द ही मिल जाएगी। पत्रकार वार्ता में डॉ कमल गुप्ता ने एक लघु फिल्म के माध्यम से जिला हिसार में अभी तक करवाए गए विकास कार्यों तथा आने वाले समय में करवाए जाने वाले विकास कार्यों का ड्राफ्ट भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। इनमें धारा-370 को खत्म करना, आस्था के प्रति राम मंदिर का निर्माण करना, उरी, पुलवामा तथा गलवान घाटी के हमलों पर दुश्मन देशों को कड़ा जवाब देना, एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, तीन तलाक पर कानून, किसानों व सैनिकों के हितों में लिए गए निर्णयों, आमजन के लिए जन-धन, स्वच्छ भारत, जीवन बीमा सुरक्षा, बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी, तबादला, ठेका प्रथा को समाप्त करना जैसे अनेक कार्य शामिल हैं। जिला हिसार में भी स्काड़ा जलघर, एसटीपी निर्माण, काठमंडी, ऑटो मार्किट व सब्जी मंडी सहित अन्य व्यावसायिक स्थलों पर दी गई सुविधाएं, पार्कों का आधुनिकीकरण, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य करवाए गए हैं। हिसार जिले में 6 फ्लाइ ओवर/ओवर ब्रिज/आरयूबी बने हैं।

# शाह हरिया□ा में 18 जून को सिरसा से करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

▶▶ भाजपा इनेलो व जजपा के अलावा चौटाला परिवार को निजी तौर पर भी संदेश देने का प्रयास करेगी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में 18 जून को लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेगी। इसकी शुरूआत इनेलो व जजपा के गृह जिला सिरसा से की जा रही है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भाजपा की सिरसा रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा इस रैली के माध्यम से इनेलो व जजपा के अलावा चौटाला परिवार को निजी तौर पर भी संदेश देने का प्रयास करेगी। केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा ने अगले चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस कड़ी में हरियाणा में पहली चुनावी रैली 18 जून को सिरसा में होने जा रही है। सिरसा से इस समय भाजपा की सुनीता दुग्गल सांसद हैं, लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र के नौ विधानसभा क्षेत्रों में से केवल दो में ही भाजपा के विधायक हैं। विधानसभा क्षेत्र नरवाना से जननायक जनता पार्टी के रामनिवास, टोहाना से जजपा के देवेंद्र बबली, फतेहाबाद से भाजपा के दूड़ा राम, रतिया से भाजपा के लक्ष्मन नापा, कालांवाली से कांग्रेस के शीशपाल, डबवाली से कांग्रेस के अमित सिहाग, रानिया से निर्दलीय रणजीत सिंह चौटाला, सिरसा से हरियाणा लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा तथा ऐलनाबाद से इंडियन नेशनल लोकदल के अभय सिंह चौटाला विधायक हैं। सिरसा रैली में सिरसा से हलोपा विधायक गोपाल कांडा तथा निर्दलीय कोटे से मनोहर सरकार में मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, शाह के मंच पर दिखाई देंगे।

# पीपीपी बना सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का सशक्त माध्यम

## अंत्योदय परिवारों के लिए बना वरदान, 68 लाख परिवारों का हुआ सत्यापित डाटा तैयार



▶▶ इस योजना से योजनाओं की अपात्र लाभार्थियों की लीकेज खत्म हुई है वहीं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ स्वत: मिलना आरंभ हो गया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा देश का एक ऐसा प्रांत है जहां विकास को व्यक्ति के साथ जोड़ा गया है और व्यक्ति के साथ परिवार की पहचान कर इसे और पुख्ता बनाया गया है इसमें परिवार पहचान पत्र सबसे सशक्त माध्यम साबित हुआ है। इससे न केवल अंत्योदय परिवारों को चिन्हित कर उन्हें विकास योजनाओं से जोड़ा गया है बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का ध्येय है कि अंत्योदय का कल्याण सबसे पहले हो इसी को ध्यान में रखकर सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से ऐसे सॉफ्टवेयर विकसित किये हैं जिससे समग्र प्रदेश का डाटा एक जगह उपलब्ध हो पाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र आज प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश और दुनिया के लिए मिसाल बन रहा है। जहां अनेक राज्यों ने पीपीपी को अपनाने की पहल की है वहीं सरकारी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रशासन को सुविधा मिली है अब बुढ़ापा पेंशन के लिए न सरपंच, न नंबरदार और न ही बीडीओ कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। व्यक्ति की आयु जैसे ही 60 वर्ष हो जाती है उसका नाम बुढ़ापा पेंशन सूची में दर्ज हो जाता है और उससे आगामी माह से पेंशन मिलनी आरंभ हो जाती है जो सीधी लाभार्थी के खाते में जाती है और हर माह 2750 रुपये मिलने आरंभ हो जाते हैं। इस योजना से जहां विभिन्न सरकारी योजनाओं की अपात्र लाभार्थियों की लीकेज खत्म हुई है वहीं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ स्वतः मिलना आरंभ हो गया है यही नहीं जाति प्रमाण पत्र, पीडीएस सेवाएं जैसे दर्जनों सेवाएं हैं जो अब लाभार्थी तक ऑटोमेटिक तरीके से पहुँच रहीं हैं। इससे जहां कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है वहीं योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डाटा को फूलप्रूफ बनाने के अनेक चेक व बैरियर लगाए गए हैं ताकि कोई भी व्यक्ति इस डाटा से छेड़छाड़ न कर पाए।

# नकाबपोश युवकों ने रोडवेज बस पर बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के कस्बा भूना से रतिया जा रही हरियाणा रोडवेज की बस पर कुछ युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। दर्जनभर हथियारबंद युवकों ने बस को रुकवाकर डंडे बरसाए, जिससे बस के शीशे टूट गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई, लेकिन उससे पहले ही हमलावर युवक मौके से फरार हो गए थे। शुक्रवार को बस परिचालक ने बताया कि युवकों ने उस पर हमला करके उससे कैश बैग भी छीन लिया और दोबारा इस रूट पर बस नहीं चलाने की धमकी दी। भूना से रतिया जा रही रोडवेज बस के परिचालक रजत ने बताया कि वह गुरुवार शाम को भूना से सवारियां लेकर रतिया जा रहे थे। रास्ते में कुनाल बस अड्डे पर रुके तो वहां दर्जनभर युवक आकर बस में चढ़ गए।







# पैसे जमा होने पर पीडब्ल्यूडी नही करवा रहा काम



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर-राजलू गढ़ी मार्ग** पर राजपुरा माईनर के समीप टूटी सड़क का करीब डेढ़ साल से बिना पैमेंट के रिपयेर का काम नही करवाया जा रहा। अब पीडब्ल्यूडी के खाते में लाखों रुपएं आ गए है तो अब पीडब्ल्यूडी अधिकारी की अनदेखी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी है। रिपेयर के मामले में संबधित गांवों के लोग नेताओं से लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कहकर थक चुके है लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी जवाब देते थे कि सड़क को जनस्वास्थय विभाग द्वारा उखाड़ने के कारण जनस्वास्थय विभाग अब रिपेयर के लिए पीडब्ल्यूडी को 1 लाख 18 हजार की डिमांड राशि जमा नही करवा रहा। जनस्वास्थय विभाग के अधिकारी इसी मामले में रिपेयर पैमेंट की डिमांड पंचकुला मुख्यालय भेजने की बात कहकर अपना पल्ला -झाड़ लेते थे। अब रिपेयर के लिए 1 लाख 18 हजार के करीब राशि जमा होने पर पीडब्ल्यूडी नही करवा रहा रिपेयर का काम। जिससे लोगों में संबधित विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष है। अब देखना है कि क्या पीडब्ल्यूडी विभाग पैसे जमा होने के बाद रिपेयर के काम को गंभीरता से लेता है या नही।

डिस्पोजल पाईप दबाने के बाद सड़क पिछले कई माह से टूटी पड़ी है। लोगों ने कहा कि सुबह-शाम

**अब पीडब्ल्यूडी के खाते में लाखों रुपएं आ गए है तो अब पीडब्ल्यूडी अधिकारी की अनदेखी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी है**

गन्नौर-राजलू गढ़ी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन उखड़ी सड़क के कारण लोग बेहद परेशान हैं। राजलू गढ़ी निवासी करतार राठी ने बताया कि ईदगाह रोड स्थित डिस्पोजल से अगवानपुर रोड पर स्थित एसटीपी से पाइप दबाने के लिए करीब राजलू गढ़ी रोड पर करीब 20 फुट लंबी सड़क को उखाड़ दिया गया था। पाइप डालने के बाद सड़क को ठीक करने की बजाय उस पर मिट्टी डाल कर छोड़ दिया है। सड़क का यह टुकड़ा मोड़ पर है, जिससे यहां हादसे का खतरा है।

**डिमांड भेजी थी, पैसे पीडब्ल्यूडी को जमा करवा दिए है : जेई**

**जनस्वास्थ्य** विभाग के जेई राजकुमार दहिया ने बताया कि सड़क को उखड़े हुए काफी दिन हो गए हैं। विभाग की तरफ से सड़क को ठीक करवाने के लिए 1 लाख 18 हजार रुपए की डिमांड हैड ऑफिस से स्वीकृत होकर आने के बाद पीडब्ल्यूडी के खाते में जमा करवा दिए है। अब काम उनका रह गया है।

**पैसे जमा हो गए है, एक- दो दिन में करवा देंगे रिपेयर का काम : एसडीओ**

**- पीडब्ल्यूडी** के एसडीओ रविन दत्ता ने बताया कि पैसे जमा हो गए है। अब एक- दो दिन में सड़क की रिपेयर का काम पूरा करवा देंगे। विभाग में पैमेंट जमा न होने के कारण देरी हो रही थी।

# किसान की बेटी ने डॉ. बनकर किया पिता का सपना पूरा

## स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज ने मेधावी छात्रा को बधाई दी



**टीम एक्शन इंडिया/राई। ओम शांति** शिक्षा सदन नाथुपुर की छात्रा रश्मिता पुत्री संजय कुमार चौहान गांव खुरमपुर ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में 720 में से 627 अंक प्राप्त करके विद्यालय की गरिमा,उत्कृष्टता, विश्वनियता में चार चांद लगा दिए हैं। मेधावी छात्रा को स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह परीक्षा स्वयं अध्ययन एवं विद्यालय के अध्यापकों के मार्गदर्शन में उर्तीर्ण की। जबकि इस परीक्षा की तैयारी के लिए माता-पिता लाखों रुपए खर्च कर-के बच्चों की कोचिंग कराते हैं वहीं इस छात्रा ने अपनी योग्यता एवं मेधावीपन को नया आयाम दिया है। रश्मिता विद्यालय में शैक्षणिक,सहशैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हमेशा से ही प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है। ओम शांति स्कूल की छात्रा के डा, बनने पर स्कूल के स्टाफ में खुशी है। मेधावी छात्रा रश्मिता ने अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि अगर मन में कुछ करने की जज्बा, जोश है तो कोई भी काम कठिन नही है। बस इसके लिए जरूरत है मेहनत की। उनकी मेहनत का परिणाम है कि बिना कोचिंग के वे इस मुकाम तक पहुंच गई। इस सफलता का श्रेय छात्रा रश्मिता ने स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य, माता- पिता को दिया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में कक्षा की पढ़ाई के साथ- साथ डा. बनने के लिए उन्हें पूरा मार्गदर्शन मिला। जब भी कक्षा की पढ़ाई के अलावा उन्हें जरूरत महसुस हुई तो शिक्षकों ने पूरा सहयोग किया। आज उसी का परिणाम है कि उन्होंने परीक्षा पास की है।

## न्यूज फ्लैश

### गौ रक्षा दल टीम की तत्परता से गौवंश से भरा कैंटर पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** गांव बनिहाडी के निकट गौवंश से भरा कैंटर पकड़ा गया इस कैंटर में एक दर्जन गौवंश भरा था। गौ भक्तों की तत्परता से पकड़े गए कैंटर को पुलिस के हवाले किया जा चुका है । पुलिस ने आरोपी ड्राइवर सहित एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी ।
टीम सुधीर चोधरी गौ रक्षा दल नांगल चौधरी को सुबह 5बजे सूचना मिली ठल्148इ बनिहाड़ी गाँव के नजदीक एक आयशर कंटेनर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में घुस गया, जिसमें गौवंश है। जानकारी मिलने पर गौ रक्षा दल टीम मौके पर पहुची । गौतम नम्बरदार ने बताया इस गाड़ी में 12 गौवंश थे जो गौकशी के लिए पंजाब के खन्ना से भर कर लाए गए थे। गौवंश से भरी गाड़ी चारो तरफ से पेक थी। पूछताछ करने पर उनके पास कोई भी गौवंशो के तथ्य कागजात नहीं थे । जब इन लोगों से सख्ती से पूछताछ की गई तो एक गौ तस्कर खेतों की तरफ भाग गया जिसे गौ रक्षा दल टीम ने काबू कर पुलिस को सौंप दिया । गाड़ी में मौजूद गौवंशो को बाबा मुकंदास गौशाला में छोड़ा गया । गौ तस्करी के आरोपी जितेंद्र मोर सोनीपत व इकरार खान के पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया था। इस दौरान गौ रक्षा दल टीम से डॉ.दिनेश यादव , डॉ.योगेश राजू ,कालबा जितु राजपूत, सोमवीर कालबा, गुलशन सेन, विपिन गुर्जर, राहुल गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, संदीप डाँगी, उमेश ,विजय स्वामी ,विकाश, कुणाल ,महिपाल ,डॉ.संदीप व अन्य गौ रक्षक उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से राजलू गढ़ी गांव के दिल्ली जल बोर्ड कर्मी की मौत

**गन्नौर। राजलू** गढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप डयूटी से वापिस घर जा रहे युवक की अज्ञात ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी एसआई भगतराम मौके पर पहुंचे और मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसआई भगतराम ने बताया कि राजलू गढ़ी निवासी 31 वर्षीय मृतक धर्मबीर पुत्र श्रीपाल दिल्ली जल बोर्ड में नौकरी करता था। प्रतिदिन की तरह वह डयूटी करने के बाद ट्रैन से उतरकर घर आ रहा था तो इसी दौरान वह अज्ञात ट्रैन की चपेट में आ गया। मृतक धर्मबीर के परिजन देर रात तक उसके फोन पर काल करते रहे लेकिन काल रिसिव नही हुई। शुक्रवार की सुबह पता चला कि धर्मबीर की ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गई है और उसका शव ट्रैक के पास पड़ा हुआ है। जीआरपी ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### बीडीपीओ ने बैठक कर योग दिवस, पंचों के उपचुनाव, ग्राम विकास कार्यों की समीक्षा की

**गन्नौर। शुक्रवार** को अधिकारियों की एक बैठक बीडीपीओ कार्यालय में हुई। बैठक में ग्राम विकास के कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीपीओ पूनम चंदा ने स्टाफ से गांव में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से पारदार्शिता के साथ ग्राम विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। किसी भी तरह की लापरवाही व शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसईपीओ जयभगवान, पंचायती राज एसडीओ ललित कुमार, ग्राम सचिव व स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।
**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लेकर दिए निर्देश: बैठक के** दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की नोडल अधिकारी बीडीपीओ पूनम चंदा ने योग दिवस को सफल बनाने के लेकर भी अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को गन्नौर की नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा। इससे पहले 19 जून को नई अनाज मंडी में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बैठक में मौजूद आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ बीडीपीओ कार्यालय के सभी कर्मचारियों को रिहर्सल में पहुंचने के निर्देश दिए।
**पंचो के उपचुनाव को लेकर भी दिए निर्देश: बैठक** में 9 जुलाई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव को लेकर भी पूनम चंदा ने जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्ञ्य चुनाव आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिसके चलते गन्नौर के 19 गांवो में रिक्त पड़े 25 पंच पदो पर उपचुनाव करवाया जाना है। उपचुनावों के लिए 21 से 26 जून तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। 27 जून को नोमिनेशन की स्क्रूटनी होगी। 28 जून को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

# भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता परेशान: एडवोकेट मनोज गोहाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश** महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव सैनीपुरा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए । मनोज गोहाना ने कहा भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आमजन जनता दुखी ही नहीं निराश भी है आज प्रदेश की जनता का हर वर्ग केंद्र की व प्रदेश की गठबंधन सरकार से पूरी तरह से निराश है और जनता का पूर्ण रूप से भाजपा की नीतियों से मोहभंग हो चुका है लोग सरकारी कार्यालय के चक्कर काट काट कर परेशान हो जाते हैं लेकिन कोई परिणाम नहीं निकलता परिवार पहचान पत्र को ठीक करवाने प्रॉपर्टी आईडी को ठीक कराने, बीपीएल की सूची में नाम ठीक कराने, को लेकर पीड़ित व्यक्ति इधर से उधर मारा मारा फिरता रहता है किसानों को ऑनलाइन व पोर्टल के चक्कर में उलझा रखा है ऊपर से भ्रष्ट अंतर और भ्रष्टाचार से जनता में त्राहि-त्राहि हो रही है। प्रदेश में अफसरशाही हावी है और तानाशाही रवैया से काम करती है प्रदेश का किसान वर्ग व पारी वर्ग मजदूर वर्ग कर्मचारी सभी वर्गों में भारी असंतोष है सरकार के खिलाफ जगह-जगह शहर शहर जुलूस निकाले जा रहे हैं लेकिन सरकार के कानों पर कोई जू तक नहीं रेंगती।
इस मौके पर महेंद्र, जयकिशन, राजेंद्र, नफे सिंह, रामफल, कर्ण सिंह, संतलाल, जयनारायण, तिलकराम, महावीर,हरिकिशन, वेदपाल, सोनू, सतबीर, काला, मोनू,आदि मौजूद रहे ।

# खेड़ी गुज्जर के डाकघर में केवल 25 पेंशनरों को बांटी गई पैंशन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**शुक्रवार को** खेड़ी गुज्जर के डाकघर में दो महीनों बाद करीब 25 पेंशनरों को ही पेंशन वितरित की गई। सर्वर खराब होने की वजह से बाकी पेंशनरों को पेंशन नहीं दी जा सकी। जिसके चलते बाकी पेंशनरों को बैरंग वापिस लौटना पड़ा। विभाग के अधिकारी द्वारा सोमवार को फिर से बुजुर्गों को पेंशन देने के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि खेड़ी गुज्जर के डाकघर में खेड़ी गुज्जर, अटायल व भौरा रसूलपुर के ग्रामीणों को पेंशन मिलती है। बुजुर्गों के अनुसार उन्हें पिछले करीब दो महीनों से पेंशन नहीं दी जा रही थी। पेंशनरों का आरोप था कि डाकखाने में पहले उनकी पेंशन नही आने के बारे में बताया जाता रहा और अब पोस्टमैन अंकित पिछले कई दिनों से छुट्टी पर है, जिस वजह से उन्हें पेंशन नहीं मिल रही। जिसके चलते बुजुर्गों ने डाक विभाग व सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया था। बुजुर्गों द्वारा रोष जताए जाने के बाद डाक विभाग गन्नौर के अधिकारियों की तरफ से शुक्रवार को पेंशन वितरण करने का आश्वासन दिया गया था।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति एवं अवैध व्यापार पर सेमीनार आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल**
**स्वास्थ्य** विभाग की ओर से राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय नारनौल रेड रिबन क्लब के प्रागंण में नशा मुक्ति एवं इसके अवैध व्यापार पर सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा ने की।
सिविल सर्जन डा. रमेश चन्द्र आर्य ने बताया कि चिट्टा एक तरह से ड्रग्स है जो काफी खतरनाक है। ड्रग्स के नशे में गोली, कैप्शूल, इन्जेक्शन, पाऊडर है। यह नशा इंसान के शरीर व दिमाग को नुकसान पहुंचाता है एवं जान लेवा साबित होता है। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में नहीं करना चाहिए। युवाओं को भविष्य का ध्यान रखते हुए केवल अपनी पढ़ाई पर ही ध्यान रखना चाहिए।
इस मौके पर उप सिविल सर्जन टीबी एवं एचआईवी एड्स नोडल अधिकारी डा. हर्ष चौहान ने बताया कि हमारे जिले में नशा का कारोबार अभी नहीं है फिर भी यदि कोई ऐसा करता देखे तो कोई भी युवा पुलिस या अपने कालेज प्राचार्य को इसकी सूचना अवश्य दें।

# नगर परिषद की पूरी टीम कर रही एकजुटता से काम: देवेंद्र नरवाल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) बरसाती** मौसम को देखते हुए शहर में पानी की निकासी बाधित न हो और जल्द से जल्द पानी नालों व नालियों के जरिए शहर से बाहर निकल जाए इसके लिए कार्यकारी अधिकारी ने टीम सहित फिल्ड में उतरकर नालों व नालियों की सफाई के कार्यों की समीक्षा की। कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने इस अवसर पर बताया कि शुक्रवार को उन्होंने एक्सईएन सुरेंद्र सिंह व एमई संदीप शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक रूप रविंद्र बिश्नोई व सफाई दरोगाओं को साथ लेकर मौके का निरीक्षण किया।

# 'नोटिसों पर कोई कारवाई नहीं होगी चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** द्वारा पूरे शहर में सर्वे करवाकर सीवरेज तथा पेयजल के अवैध कनैक्शनों के भेजे गए नोटिसों से आक्रोषित शहरवासियों को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने आश्वासन दिया है कि नोटिसों पर कोई कारवाई नहीं होगी चाहे इसके लिए मुख्यमंत्री, मंत्री के समक्ष मुद्दा उठाने से लेकर किसी भी स्तर पर लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।
शुक्रवार सुबह कबीरपुर चौपाल में पहुंचे राजीव जैन को नागरिकों ने बताया कि कनैक्शन वैध करने की फीस 11-12 हजार रुपए मांगी जा रही है जिसे भरना हमारे बूते के बाहर है। नागरिकों ने बताया कि यही नहीं बी0पी0एल0 परिवारों को वर्ष 2014 से पूर्व में मुफ्त वितरित की गई टंकियों के भी साढ़े पांच हजार रुपए प्रति टंकी के बिल मांगा जा रहा है और जिस उपभोक्ता ने मुफ्त के चक्कर में दो टंकियां घर में रखवा ली थी उनसे दो टंकी का बिल मांगा जा रहा है जबकि घर और कनैक्शन एक ही हैं।
राजीव जैन ने कहा कि वह नागरिकों के एक शिष्ट मंडल के साथ आगामी 19 जून सोमवार को नगर निगम आयुक्त से भेंट करके इस समस्या का समाधान करवाने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि वैध करने की फीस बिल्कुल भी चार्ज न की जाये या फिर नामिनल हो। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ0 कमल गुप्ता से भी मिलेंगे।
उल्लेखनीय है कि हाल ही में नगर निगम ने व्यापक सर्वे करवाकर निगम क्षेत्र के क्षेत्र में 34 हजार 457 प्रापर्टी चिंहित की हैं जिनके पास वैध सीवरेज या पानी का कनैक्शन नहीं है। नोटिस में कहा गया है कि ़़़आप नगर निगम अधिनियम 1994 की अवहेलना़़़ कर रहे हैं, इसलिए सात दिनों के अन्दर आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, भूमि मलकियत के सबूत, प्रापर्टी आई0डी. लेकर पहुंचे ताकि कारवाई से बचा जा सके।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश की जनता परेशान: महीपाल

## कांग्रेस नेता महीपाल सुबेदार ने ग्रामीण हलके के गांव बराना में चलाया जन संपर्क अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कांग्रेस** पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ व आओ चलें गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कांग्रेस नेता महिपाल सूबेदार ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांव बराना में जन संपर्क अभियान चलाया गया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं कश्यप वाली चौपाल में महिपाल सूबेदार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से आओ चलें गांव की ओर अभियान उनके द्वारा चलाया गया है। उन्होंने कहा कि आज उनका गांव बराना में 11वां दिन है यह अभियान लगातार 41 दिन चलता रहेगा। पानीपत ग्रामीण हलके के हर गांव में कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। महीपाल सूबेदार ने कहा कि लोग भाजपा की सरकार से दुखी हैं एवं परेशान हैं। लोग पहले महंगाई की मार से परेशान है और उपर से लोगों के राशन कार्ड काट दिए गये, फैमिली आईडी में ज्यादा इनकम दिखा करके बुढ़ापा पेंशन काट दी गई और सिलेंडर के दाम बढ़ा दिये है। जिससे आम आदमी की रसोई का बजट बढ़ गया है, जिससे ग्रहणियों को अपनी रसोई चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। इस अवसर पर मिना खान ,राजवीर बराना, जगत सिंह ,संजय ,शमशेर बाल्मीकि, मदनलाल मजोका, बलजीत बाल्मीकि ,सुधीर शर्मा ,विशंभर गुर्जर, लक्ष्मी नारायण शर्मा ,बलवान शर्मा , बलजीत सैनी ,जीत सूबेदार प्रजापत ,ईश्वर पुनिया और ग्रामीण मौजूद रहे।

# कल होगा पानीपत में पूर्व सीएम हुड्डा का जन संवाद कार्यक्रम

## जन संवाद में शहर के उद्योगपति, दुकानदार, संगठनों के पदाधिकारी व आम जनता की सुनेगे समस्याएं: बुल्ले



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं जन संवाद के संयोजक वरिंद्र बुल्ले शाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन संवाद कार्यक्रम 18 जून शाम को सेक्टर 12 स्थित एसडीवीएम स्कूल के सभागार में होगा। जिसमें शहर के उद्योगपति, दुकानदार, विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी व आम जनता शामिल होगी। जन संवाद कार्यक्रम को लेकर सभी को निमंत्रण दिया जा चुका है। जिसमें बहुत भारी संख्या में गणमान्य लोग जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं व मांगों को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समक्ष रखेगे ताकि अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर उनका समाधान किया जा सके। बुल्ले शाह शुक्रवार को लाल बत्ती स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा 18 जून शाम को 4 बजे रेस्ट में पहुंचेगे और वहां पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद पूर्व सीएम हुड्डा 4.30 बजे मीडिया से रूबरू होगे और फिर जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होगे। बुल्ले शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम में कोई राजनीतिक भाषण नहीं होगा बल्कि सिर्फ लोगों की परेशानियों व दिक्कतों को ही सुना जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता खुशीराम जागलान, सुभाष बठला, राजकुमार पाहवा, सरदार बलजीत सिंह, पूर्व पार्षद सुनील वर्मा, युवा नेता विपुल शाह,अंशुल क्ककड़ व एमआर गुरेजा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय योग संस्थान का 'योग द्वारा मोटापा व अन्य रोग निवारण शिविर' संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) भारतीय** योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के युधिष्ठिर योग जिला के तत्वावधान में मथाना बैठक सेक्टर 8 में 12 जून से प्रारंभ 'योग द्वारा मोटापा व अन्य रोग निवारण शिविर' आज विधिवत रूप से संपन्न हो गया । जिला प्रधान सुमन तोमर ने प्रतिदिन की भांति आज भी सूक्ष्म क्रियाएं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया । जिला अधिकारियों, कार्यकताओं व योग शिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, दंडासन पश्चिमोत्तानासन, वज्रासन, शशकासन, मंडूकासन, मकरासन, सर्पासन, साइक्लोन व शवासन करवाए । सभी आसनों के निषेध व सावधानियां बताकर उनसे होने वाले शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक लाभों के बारे में भी साधकों को बताया गया। प्रत्येक आसन के पश्चात की गई क्रियाओं का मनन व उनके द्वारा शरीर, मन, चित्त व बुद्धि पर पड़ने वाले प्रभावों की अनुभूति करवाई गई। साधकों को सुंदर हंसी व नेत्र सुरक्षा क्रियाएं करवाई।
गहरे लंबे श्वासों का अभ्यास करवा कर अनुलोम विलोम, कपालभाति व भ्रामरी प्राणायाम करवाए गये । साधकों को भोजन व दिनचर्या के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली : कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सभी फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के निवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी 25 जून को गदपुरी टोल प्लाजा पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव शिरकत करेंगे और भाजपा सरकार द्वारा 9 सालों में देश में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड उत्सव बैंक्वेट हाल में भाजपा के प्रमुख कार्यकताओं के लिए आयोजित जनसभा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। केंद्रीय राज्य मंत्री



कृषणपाल गुर्जर ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है। उनके द्वारा लिए गए कड़े फैसलों और परिश्रम के कारण ही भारत 2027 तक दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा आमजन के लिए लाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण ही उन्हें 130 करोड़ लोगों का का आशीर्वाद प्राप्त है। आज भारत का जलवा पूरी दुनिया में कायम है भारत के अध्यक्ष अधिकतर देश भारत के साथ खड़े हैं। आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है पहले सेना का सम्मान किया जाता था 70 परसेंट समान का निर्माण हम स्वयं कर रहे हैं। मोदी जी ना होते धारा 370 ना हटती, ना राम मंदिर का निर्माण होता ना ही काशी का स्वरूप बदलता। आज देश के सभी तीर्थ स्थलों को नेशनल हाईवे से जोड़ा जा रहा है। मोदी जी ने कहा था कि हम आंख दिखाकर या झुककर बात नहीं करेंगे अगर देशहित के लिए बात होती है तो आखों में आंखे डाल कर बात करेंगे। मोदी जी के रूप में देश को ऐसा महागुरु मिल गया है जिसके नेतृत्व में भारत देश निश्चित तौर विश्व गुरु बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं और इसी भाव के साथ हम आगे भी जनता की सेवा करेंगे। पिछले 70 सालों में देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज थे परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ 9 सालों में 300 अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। पहले मेडिकल सीट की संख्या पूरे देश में सिर्फ 80 हजार थीं। पिछले 9 साल में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से यह संख्या बढ़कर एक लाख 80 हजार हो गई है। पहले भारत 8 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों से आयात करता था। परंतु आज भारत 3 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है जिससे हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। वरिष्ठ भाजपा नेत्री मीरा तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के केंद्र 9 साल पुरे होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी ने जो विकास कार्य किए है उनका लेखा जोखा जन जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो कर दिखाया जो आज तक 70 सालों में किसी पार्टी की सरकार नहीं कर सकी पहले अंग्रेजो की बनाई संसद थी और आज आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक अपनी संसद है।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया करीब 1 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ ने आज शुक्रवार को भाटिया कॉलोनी को करीब एक करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात दी है। बता दें कि भाटिया कालोनी की गलियों को अब आरएमसी से बनवाया जाएगा। जबकि गलियों के निर्माण से पहले पीने के पानी और सीवर लाइन डाली गई है और जहां भी जरूरत होगी वहां कार्य जरूर कराएं जायेंगे। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी है। बल्लभगढ़ विधानसभा को विकास कार्य के लिए जमकर पैसा दिया है। उन्होंने इस अवसर पर भाटिया कॉलोनी वासियों के लिए खंडहर पड़े सामुदायिक भवन की जगह नया सामुदायिक भवन बनाने की भी घोषणा की। इस सामुदायिक भवन पर करीब डेढ़ करोड़ की लागत आएगी जिसका शिलान्यास भी जल्द किया जाएगा।

हरियाणा के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम केनाल के साथ बनाई जाने वाली आरएमसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में भी करोड़ों रुपए हरियाणा सरकार द्वारा बल्लभगढ़ में खर्च किए गए हैं। जिनमें बेटियों के लिए नए स्कूल भवनों की बात हो या फिर श्रीमती सुषमा स्वराज पीजी कॉलेज का निर्माण हो चाहे बल्लभगढ़ में डेढ़ सौ किलोमीटर लंबी आरएमसी से बनाई गई रोड हो। उन्होंने बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है, लगातार लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार से धनराशि लेकर आ रहे हैं। इसके अलावा जल्द ही सैकड़ों करोड़ रुपये की धनराशि से बनने वाले मोहना रोड एलिवेटेड पुल का भी आधारशिला प्रदेश के मुख्यमंत्री रखेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कई कॉलोनियों में विकास कार्य निरन्तर चले हुए हैं जिन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना उनका प्रथम कर्म और धर्म है।

## संक्षिप्त खबरें

### कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में होगा जनसंवाद कार्यक्रम आज



**फरीदाबाद,** 11 जून (हरपाल सिंह यादव )। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 17 जून शनिवार को प्रदेश के परिवहन खनन एवं भू-विज्ञान चुनाव तथा उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे फरीदाबाद सैनी चौपाल, गांव फतेहपुर बिल्लौच में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आमजन की समस्याएं सुनेंगे।

### लडके को शेख मोहम्मद की सहायता से थाना बीपीटीपी पुलिस टीम ने किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर-20 बी कृष्णा नगर के रहने वाले शेख मोहम्द ने लावारिस अवस्था में घूम रहे 6 वर्षीय बच्चे को परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य करने के लिए पुलिस आयुक्त के द्वारा प्रशंसा पत्र व नगद 5 हजार रुपए का देकर सम्मानित किया। शेखमोहम्मद बाटा से चन्दीला चौक तक ऑटो चलाने का काम करता है। वह 09 जून को बाटा से सुबह करीब 11.30 बजे अपने ऑटो को लेकर जा रहा था। उसे रेड लाईट बाटा ऑटो स्टैण्ड के पास एक लावारिस बच्चा रोता हुआ मिला जिसको उसने ऑटो स्टैण्ड पर ऑटो चालको से मिलाया और उसकी कोई सूचना मिलने पर बताने की बात कही। शेख मोहम्मद बच्चे को अपने घर ले गया। शेख मोहम्मद ने बताया कि कॉलोनी प्रधान, मस्जिद के द्वारा अवाज लगवाकर लोगो सूचना दी। बच्चे की पहचान के लिए ऑटो में बैठाकर लोगो से पूछताछ की लेकिन कोई सूचना नही लगने पर बच्चे को अपने घर ले आए घर पर बच्चे को खाना खिलाकर अपने पास सुलाया। जिसकी सुबह पुलिस चौकी सेक्टर-11 मे बच्चे की सूचना दी।

### हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म "पठान" का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 18 जून को रात 8 बजे स्टार गोल्ड पर

**नई दिल्ली:** स्टार गोल्ड, यशराज फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत हिंदी सिनेमा की रिकॉर्ड तोड़नेवाली ब्लॉकबस्टर फिल्म "पठान" का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 18 जून को रात 8 बजे अपने चैनल पर करने के लिए काफी रोमांचित है। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म "पठान" वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की चौथी किस्त है, जिसमें नजर आएँगे देश के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम। भारतीय रॉ एजेंट "पठान" (शाहरुख खान) को भारत के खिलाफ एक बड़े हमले के बारे में पता चलता है, जिसे पूर्व रॉ एजेंट जिम (जॉन अब्राहम) के नेतृत्व में एक भाड़े के समूह द्वारा अंजाम दिया जाना है। फिल्म में नाटकीय घटनाक्रमों के जरिये दिखाया गया है कि जिम कभी पठान की तरह देशभक्त रॉ एजेंट हुआ करता था लेकिन अपने ही लोगों द्वारा गलत किए जाने के बाद वह दुष्ट बन जाता है। एक अन्य एजेंट रुबाई के तौर पर दीपिका पादुकोण हैं, जो मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद कई मौकों पर उसकी वफादारी पर सवाल उठाए जाते हैं। कयामत वाले दिन की टिक टिक के साथ "पठान" को कई विश्वासघातों से लड़ना है क्योंकि उसे जिम का सामना करना है। वर्ल्ड टीवी प्रीमियर के बारे में बोलते हुए शाहरुख खान ने कहा, "पठान को दुनिया भर से जबरदस्त प्यार मिला है और अब जब इस फिल्म का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर स्टार गोल्ड पर 18 जून को रात 8 बजे (भारतीय समय अनुसार) होने जा रहा है तो मैं काफी उत्साहित हूँ कि इस प्रीमियर के जरिए अब यह फिल्म अपने व्यापक दर्शकों तक पहुंचने में कामयाब होगी। "पठान" एक सम्पूर्ण मनोरंजन पैकेज है, जिसकी गति कभी कम नहीं होती।

## नहीं रुक रहा चोरियों का सिलसिला

**नारनौल/संतोष यादव**

**गांव** दौंगड़ा अहीर में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। अबकी बार चोरों ने पुलिस के नाक के नीचे वीरवार की रात को पुलिस चौकी के नजदीक दो दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया।दौंगड़ा अहीर में लगातार चोरियों का सिलसिला जारी है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे हुए बैठी है जिससे ग्रामीणों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। सजन दौंगडा अहीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार की रात को अज्ञात चोर रात को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया की वीरवार रात को उसकी मेडिकल की दुकान से पीछे की ओर लगे एसी को हटाकर दुकान में दाखिल होकर चोरी की है।

# विपुल गोयल के कार्यालय से किया हरिद्वार के लिए दो बसों को रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

बीती रात पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के बड़े भाई अशोक गोयल ने सेक्टर 16 कार्यालय से दो बसों को हरिद्वार तीर्थधाम के लिए झंडी दिखाकर किया रवाना । दोनों बसों में फरीदाबाद विधानसभा की भारत कॉलोनी और ओल्ड फरीदाबाद के भूड बसेलवा कॉलोनी से यात्री गंगा स्नान के लिए गए जोकि दोनों बसे पूर्व उद्योग मंत्री द्वारा तीर्थ यात्रा के लिए निशुल्क भेजी गयी । इससे पहले भी विपुल गोयल हरियाणा सरकार मे बतौर मंत्री रहते हुए पिछले नो वर्षो से लोगो की सेवा करते आ रहे है ओर अब तक गोयल लाखो तीर्थ यात्रियों को शिर्डी, वैष्णो देवी, खाटू श्याम व



अन्य तीर्थो पर निशुल्क भेज चुके हैं । आपको यहाँ बतादे की पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल इस समय 18 जून को सिरसा जिले की अनाज मंडी में होने वाली रैली में व्यस्त है जिसमे देश के गृह मंत्री अमित शाह आने वाले चुनावों के मद्देनजर एक रैली को सम्बोधित करने आ रहे है और माना जा रहा है की ये बीजेपी की तरफ से 2024 चुनावों को लेकर हरियाणा में मजबूत तैयारी का सीधा संकेत है '

पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल को सिरसा रैली में बतौर व्यवस्था प्रभारी नियुक्त किया हुआ है 'इस मोके पर अशोक गोयल ने प्रभु से सभी यात्रियों के लिए मंगल यात्रा की कामना की और कहा की सभी लोग माँ गंगा से फरीदाबाद के तरक्की और खुशहाली की प्रार्थना जरूर करें' अशोक गोयल ने कहा की फरीदाबाद क्षेत्र की जनता की सेवा उनका पुरा परिवार वर्षो से करते आ रहे है ओर अपने सम्पूर्ण जीवन काल में क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे और सभी लोग जो किसी भी कारण से किसी तीर्थ स्थान पर जाने में असमर्थ रहते हैं उन्हें अपनी तरफ से तीर्थ यात्रा करवाते रहेंगे । इस मोके पर निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार, पं मुकेश शास्त्री पूर्व चैयरमेन मार्किट कमेटी, बाबू खान, पंडित सुरेंदर बबली, सुभाष भगत, हरि किसान चौहान आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# किसानों के लिए जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद में बागवानी विभाग की ओर से चलाए जा रहे बागवानी जागरूकता अभियान की कड़ी में आज शुक्रवार को बागवानी सलाहकार डॉ. धीरज द्वारा जिला के गाँव मलेरना, भांखरी तथा मुजेसर में जागरूकता अभियान के आयोजन किया गया। इस जागरूकता कैम्प में विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने बताया कि बागवानी विभाग किसानों के लिए अनेक योजनाएं चला रहा है। जिसमें बाग लगाना,



सब्जी उत्पादन, प्लास्टिक मल्चिंग व टनल, बांस पर सब्जी की खेती, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, एकल जल तालाब एवं बागवानी यंत्र इत्यादि के बारे मे

**योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को ऐसे जागरूकता कैम्पों के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित भी किया**

अनुदान के लिए विस्तार पूर्वक बताया। लूज फूल, कट फूल व बलबस फूल की खेती करने पर 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक प्रति एकड़ दिया जाने का प्रावधान है। बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को ऐसे जागरूकता कैम्पों के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

## फर्वेन्ट ग्लोबल एलेलपी कम्पनी के अकाउंटेंट 10 लाख के कैश लेकर फरार

**फरीदाबाद:** डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ट के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत थाना बीपीटीपी प्रभारी की टीम ने कम्पनी के कैश को लेकर फरार होने वाले अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कैन्हया लाल है आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश के हाथरस के गांव अहवरनपुर हाल में फरीदाबाद के सेक्टर-55 की राजीव कालोनी का रहने वाला है। आरोपी पिछले करीब 2 वर्ष से फर्वेन्ट ग्लोबल एलेलपी कम्पनी सी-823 विपुल प्लाजा सैक्टर 81 में बतौर अकाउंटेंट काम करता था।

# स्कूल में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने सीखी कोडिंग



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। ाच्चे बेशक अभी छोटे हैं, लेकिन उनके कारनामे बड़े हैं। उनकी उंगलियां जब की-बोर्ड पर चलती हैं तो कुछ न कुछ ऐसा रचती हैं, कि देखने वाला दांतों तले उंगली दबा ले। यह नतीजा है स्कूल स्तर पर इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेटिव, इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी जैसे सब्जेक्ट पढ़ने का। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी इन विषयों को पढ़कर तकनीकी तौर पर इतने सशक्त हो गए हैं कि अब कंप्यूटर पर बड़े प्रोजेक्ट को भी अंजाम देने लगे हैं। देश के इस पहले स्किल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कोडिंग कैंप लगाया गया। इस कैंप में उन्होंने न केवल वेबसाइट बना कर दिखाई, बल्कि कई ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गेम भी बना डाले। कई विद्यार्थियों ने वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट बना कर शिक्षकों को भी हैरत में डाल दिया। कैंप के समापन पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इन विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया और रचनात्मक काम के लिए उनकी पीठ थपथपाई। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि रचनात्मक काम करने वाले विद्यार्थी को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल का नवाचार विकसित करने के उद्देश्य से ही इस कैंप का आयोजन किया गया। इसके लिए उन्होंने स्किल स्कूल के प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह जाखड़ और प्रशिक्षक हितेश वातिश को बधाई दी। कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी और भविष्य के लिए मंगलकामनाएं भी दी। इस कैंप में स्कॉलर कंपनी के एक्सपर्ट ने विद्यार्थियों को तकनीनी गुर सिखाए। स्कॉलर के निदेशक पंकज कौल ने बताया कि विद्यार्थियों को वह तकनीकी चीजें सिखाई गई हैं, जो पेशेवर तकनीकी विशेषज्ञों को सिखाई जाती हैं। प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह जाखड़ ने कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें कई बच्चों ने वेबसाइट डिजाइनिंग करनी सीख ली है और गेम्स भी डेवलप किए हैं।

# युवक की हत्या के मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने हत्या के मुकदमे में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी साथी आरोपी फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साकिब और साजिद का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गांव कुरेशीपुर का रहने वाला है। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कुरेशीपुर के रहने वाले 21 वर्षीय मोहम्मद कैफ की




कैंची से गोदकर हत्या कर दी थी। मोहम्मद कैफ की वारदात से 2 दिन पहले ही शादी हुई थी। वारदात 6 जून रात 9:00 बजे की है जब मोहम्मद कैफ मस्जिद के पास गया हुआ था तब मस्जिद के पास बनी साकिब की परचुन की दुकान पर आरोपी बैठे हुए थे जिन्होंने मोहम्मद कैफ को अपने पास बुलाया। किसी बात को लेकर आरोपियों कि कैफ के साथ रंजिश थी। जिसके चलते उनका झगड़ा हुआ था और झगड़ा बढ़ता बढ़ता बड़ा हो गया और गुस्से में आकर आरोपी शाकिब ने मोहम्मद कैफ पर फायर कर दिया जिससे गोली के छर्रे कैफ पर लगे। इसके बाद आरोपियों ने मोहम्मद कैफ को दबा लिया और कैंची से गोद कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मोहम्मद कैफ के पिता को इसकी सूचना मिली जो उसे लेकर बीके अस्पताल गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात पीड़ित ने इसकी शिकायत धौज थाने में की जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर-के उनकी तलाश की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साकिब को काबू कर लिया।

# जर्मनी की मेडिकल स्टूडेंट ने मानवता दिखा उठाया गरीब बच्चे के इलाज का खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।

इंसानियत जिन्दा है। इसका उदहारण हाल ही में फरीदाबाद में देखने को मिला। जर्मनी से ट्रेनिंग के लिए आई वालंटियर मेडिकल स्टूडेंट एना ने फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी के स्लम एरिया में रहने वाले गंभीर बीमारी से ग्रस्त दो वर्षीय पीयूष कुमार (कृष्णा) के इलाज का सारा खर्च उठा कर इंसानियत की सच्ची मिसाल दी। इस दुर्लभ (रेयर) बीमारी का सफलतापूर्वक इलाज मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में हुआ। हॉस्पिटल के ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि जर्मनी निवासी मेडिकल स्टूडेंट एना इस बच्चे को हमारे पास



लेकर आई। यह बच्चा हाइड्रोकिफेलस (सिर के अंदर पानी भरना) बीमारी से ग्रस्त था। जन्मजात बीमारी के कारण बच्चे का सिर जन्म से ही सामान्य बच्चों की तुलना में काफी बड़ा था। सिर लगभग 8.5 किलोग्राम का था जबकि बच्चे के शरीर का कुल वजन 13.5 किलोग्राम था। बच्चा बेहोशी की हालत में था। इस बच्चे ने खाना-पीना बंद कर दिया था एवं पानी भी पिलाने पर उल्टी कर देता था। ये लक्षण सिर में पानी भरने की ओर इशारा करते हैं। बच्चा अपनी आंखें भी नहीं खोल पा रहा था। सामान्य तौर पर ब्रेन के अंदर का फ्लूइड स्पाइनल कॉर्ड की ओर जाता है। लेकिन इस केस में जहाँ से फ्लूइड ब्रेन से निकलकर स्पाइन में जाता है, उस जगह पर ब्लॉकेज था। इस कारण बच्चे के सिर में पानी भरा हुआ था और सिर बड़े फुटबॉल के साइज जितना हो गया था जिससे बच्चे के ब्रेन का डेवलपमेंट (विकास) रुक गया था। जाँच के बाद बड़ी सावधानी से वेंट्रिकुलोपेरिटोनियल (वीपी) शंट सर्जरी की गई। सर्जरी द्वारा आर्टिफिशियल यानि नया रास्ता बनाया गया और ब्रेन से पानी के बहाव को बाईपास किया गया। बच्चा 3 दिन हॉस्पिटल में रहा। स्वस्थ होने पर उसे डिस्चार्ज किया गया। डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बच्चा छोटा था और सिर बहुत बड़ा था। ऐसी स्थिति में एनेस्थीसिया भी बड़ी चुनौती होती है। ज्यादा लंबे समय का एनेस्थीसिया नहीं दिया जा सकता। इन बच्चों में सिर में पानी भरने के कारण ब्रेन की डेवलपमेंट नहीं होती है तो बेहोशी देने से बाहर नहीं आ पाते हैं। कई बार ऑपरेशन के बाद मरीज को मिर्गी के दौरे आने शुरू हो जाते हैं एवं ऐसे मरीज को लंबे समय तक आईसीयू में रखना पड़ता है। सौभाग्य से बच्चा वेंटिलेटर पर नहीं गया। सर्जरी भी एक तय समय के अंदर करनी होती है, हमने एक घंटे के अंदर सर्जरी की। ब्रेन के पानी को भी बहुत नियंत्रित तरीके से नीचे की तरफ निकाला गया। एक दम से पानी के निकलने से ब्रेन को नुकसान पहुँच सकता है।

# 12 जून को घर से लापता हुए 19 वर्षीय लडके को टीम ने किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व थाना आदर्श नगर प्रभारी की टीम ने घर से लापता हुई लडके को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लडका 12 जून को अपने घर से बिना बताए कही निकल गया था। जिसको परिवार के द्वारा अपने तौर पर तलाश किया गया जो नही मिलने पर थाना आदर्श नगर में सूचना दी,



सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना में मामला दर्ज कर लडके की तलाश शुरू कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट व थाना आदर्श नगर की टीम ने कार्रवाई करते हुए बल्लभगढ़ एरिया से सकुशल तलाश कर बरामद किया गया है। जिसकी परिजनों के साथ किसी बात को लेकर नाराजगी थी। लडके को पूछताछ के बाद आगामी कार्रवाई करते हुए लडके को परिजनों के हवाले किया है।

